# कक्षा-9

## संगीत गायन (प्रश्न बैंक)

1. किस वेद का पाठ संगीतमय है?

   क. ऋगवेद　　　　ख. यजुर्वेद

   ग. अथर्ववेद　　　　घ. सामवेद

2. वैदिक काल में गायन कितने स्वरों में होता था?

   क. तीन　　　　ख. चार

   ग. सात　　　　घ. पाँच

3. 'भरतमुनि' ने किस ग्रन्थ की रचना की?

   क. नाट्यशास्त्र　　　　ख. संगीत रत्नाकर

   ग. रागबोध　　　　घ. सामवेद

4. "नाट्यशास्त्र" ग्रन्थ की रचना किस शताब्दी में की गयी?

   क. पाँचवीं शताब्दी　　　　ख. छठी शताब्दी

   ग. सातवीं शताब्दी　　　　घ. तीसरी शताब्दी

5. मतंग मुनि द्वारा किस संगीत ग्रन्थ की रचना की गयी?

   क. वृहद्देशी　　　　ख. रत्नाकर

   ग. नारदीय शिक्षा　　　　घ. ब्राह्मण ग्रन्थ

6. 'वृहद्देशी' ग्रन्थ की रचना किस शताब्दी में की गयी?

   क. छठीं शताब्दी　　　　ख. पाँचवी शताब्दी

   ग. तीसरी शताब्दी　　　　घ. सातवीं शताब्दी

7. 'नारदीय शिक्षा' नामक ग्रन्थ की रचना किसने की?

   क. नारद मुनि　　　　ख. शारंग देव

   ग. भरत मुनि　　　　घ. मतंग मुनि

8. सर्वप्रथम "राग" शब्द का उल्लेख किस ग्रन्थ में मिलता है?

   क. वृहद्देशी　　　　ख. नारदीय शिक्षा

   ग. नाट्य शास्त्र　　　　घ. राग विबोध

9. अमीर खुसरो किस सुल्तान के शासनकाल के प्रसिद्ध संगीतज्ञ थे?

क. अलाउद्दीन खिलजी | ख. मोहम्मद तुगलक

ग. गयासुद्दीन तुगलक | घ. लोदी वंश

10. राग जौनपुरी का आविष्कार किस बादशाह ने किया?

क. सिकंदर लोदी | ख. सुल्तान हुसैन शर्की

ग. तानसेन | घ. गोपालनायक

11. राजा मानसिंह तोमर कहाँ के राजा थे?

क. ग्वालियर | ख. जौनपुर

ग. मेरठ | घ. दिल्ली

12. "ध्रुपद" गायन का आविष्कार किस शताब्दी में हुआ?

क. तेरहवीं शताब्दी | ख. दूसरी शताब्दी

ग. छठी शताब्दी | घ. सातवीं शताब्दी

13. "ध्रुपद" गायन शैली का आविष्कार किसने किया?

क. अमीर खुसरो | ख. तानसेन

ग. मानसिंह तोमर | घ. बैजूबावरा

14. किस राजा को ग्वालियर घराने का संस्थापक माना जाता है?

क. राजा हरिश्चन्द्र | ख. राजा मानसिंह तोमर

ग. राजा सवाई | घ. बाबर

15. किस शासक के शासनकाल को संगीत का स्वर्णयुग कहा जाता है?

क. अकबर | ख. हुमायूँ

ग. शाहजहाँ | घ. जहाँगीर

16. अकबर के शासनकाल में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ कौन थे?

क. अमीर खुसरो | ख. तानसेन

ग. बैजूबावरा | घ. छतर खां

17. "सदारंग-अदारंग" किस बादशाह के दरबारी गायक थे?

क. मुहम्मद शाह रंगीला | ख. अकबर

ग. मान सिंह तोमर घ. बिलास खाँ

18. "गीतगोविन्द" की रचना किसके द्वारा की गयी?

क. शारंगदेव ख. भरतमुनि

ग. जयदेव घ. नारद

19. तानसेन किसके शासनकाल में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ के रूप में थे?

क. जहाँगीर ख. शाहजहाँ

ग. अकबर घ. सुल्तान हुसैन शर्की

20. "संगीत मकरंद" नामक ग्रन्थ की रचना किसने की?

क. नारद ख. जहाँगीर

ग. जयदेव घ. शारंग देव

21. 'पं. शारंग देव' ने किस ग्रन्थ की रचना की?

क. संगीत रत्नाकर ख. आईने अकबरी

ग. गीत गोविन्द घ. पारिजात।

22. "संगीत रत्नाकर" ग्रन्थ के रचयिता कौन हैं?

क. पं. शारंगदेव ख. नारद

ग. अमीर खुसरो घ. जयदेव

23. भातखण्डे जी ने किस पुस्तक की रचना छः भागों में की?

क. अभिनव गीताञ्जलि ख. क्रमिक पुस्तक मालिका

ग. राग मंञ्जरी घ. बालप्रकाश

24. भातखण्डे जी किस संगीत पद्धति के आविष्कारक माने जाते हैं?

क. हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति ख. कर्नाटक संगीत पद्धति

ग. ताल पद्धति घ. गायन पद्धति

25. मुगलकाल में संगीत की सर्वाधिक उन्नति किस शासक के शासनकाल में हुई?

क. अकबर ख. सुल्तान हुसैन शर्की

ग. जहाँगीर घ. बाबर

26. प्राचीन ग्रन्थों के अनुसार संगीत में कितने मुख्य मत हैं?

क. एक ख. दो

ग. तीन घ. चार

27. भातखण्डे जी ने पहला संगीत सम्मेलन कहाँ आयोजित किया था?

क. दिल्ली ख. बनारस

ग. बड़ौदा घ. बम्बई

28.”आईने अकबरी” के अनुसार अकबर के दरबार में कितने गायक थे?

क. दस ख. नौ

ग. सत्ताइस घ. छत्तीस

29. भातखण्डे संगीत महाविद्यालय, लखनऊ की स्थापना किसने की?

क. अमीर खुसरो ख. भातखण्डे जी

ग. पलुस्कर जी घ. मानसिंह तोमर

30. “गीतगोविन्द” की रचना किस शताब्दी में हुई?

क. 11वी. ख 17वी.

ग. 12वी. घ. 14वी.

31. शुद्ध स्वरों की कुल संख्या बताइए।

क. 12 ख. 8

ग. 7 घ. 9

32. कोमल स्वर कितने होते हैं?

क. चार ख. सात

ग. तीन घ. पाँच

33. विकृत स्वरों की संख्या बताइए।

क. पाँच ख. चार

ग. आठ घ. छः

34. “चल” स्वरों की संख्या कितनी है?

क. 5 ख. 4

ग. 8 घ. 7

35. “अचल” स्वर कितने हैं?

क. 2 | ख. 5
ग. 3 | घ. 7

36. तीव्र विकृत स्वरों की संख्या बताइए।

क. 1 | ख. 5
ग. 4 | घ. 8

37. “मध्यम” स्वर का संक्षिप्त नाम क्या होगा?

क. प | ख. ग
ग. म | घ. प

38. कोमल स्वरों की पहचान के लिए स्वरों के -----

क. ऊपर खड़ी लाइन खींचते हैं।

ख. नीचे बेड़ी लाइन खींचते हैं।

ग. ऊपर बिंदी लगाते हैं।

घ. नीचे बिंदी लगाते हैं।

39. तीव्र स्वर कैसे लिखेंगे या कैसे पहचानेंगे?

क. म | ख. म॑
ग. मं | घ. म़

40. अचल स्वर कौन-कौन से हैं?

क. स,प | ख. रे,ग
ग. म,ध | घ. रे,म

41. षडज का संक्षिप्त नाम बताइए।

क. स | ख. रे
ग. ग | घ. म

42. “ऋषभ” को संक्षेप में किस नाम से पुकारेंगे?

क. म | ख. रे
ग. प | घ. नी

43. “गंधार” को और किस नाम से पुकारा जाता है?

क. प　　　　ख. ग

ग. घ　　　　घ. प

44. “पंचम” को और किस नाम से जानते हैं?

क. रे　　　　ख. प

ग. म　　　　घ. नी

45. “धैवत” को संक्षेप में क्या कहते हैं?

क. ध　　　　ख. नी

ग. म　　　　घ. प

46. “निषाद” को संक्षेप में क्या कहते हैं?

क. ग　　　　ख. म

ग. नी　　　　घ. रे

47. राग में कम से कम कितने स्वरों का होना अनिवार्य है?

क. 5　　　　ख. 7

ग. 3　　　　घ. 8

48. राग में अधिक से अधिक कितने स्वर प्रयुक्त हो सकते हैं?

क. 7　　　　ख. 3

ग. 8　　　　घ. 6

49. ‘स रे ग म प ध नी’ को क्या कहते हैं?

क. शुद्ध स्वर　　　　ख. विकृत स्वर

ग. कोमल स्वर　　　　घ. स्वर ही नहीं है

50. जो स्वर अपने निश्चित स्थान से कुछ नीचे हटाकर गाये जाते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

क. कोमल स्वर　　　　ख. तीव्र स्वर

ग. शुद्ध स्वर　　　　घ. अचल स्वर

51. जो स्वर अपने निश्चित स्थान से कुछ ऊपर हटाकर गाये जाते हैं, उन्हें क्या

कहते हैं?

क. तीव्र स्वर　　　　ख. शुद्ध स्वर

ग. कोमल स्वर　　　　घ. कोई स्वर नहीं

52. “मॅ” स्वर को क्या कहते हैं?

क. कोमल स्वर　　　　ख. अचल स्वर

ग. तीव्र स्वर　　　　घ. शुद्ध स्वर

53. स्वरों के उतरते हुये क्रम को क्या कहते हैं?

क. अवरोह　　　　ख. आरोह

ग. पकड़　　　　घ. जाति

54. स्वरों के चढ़ते हुये क्रम को क्या कहते हैं?

क. आरोह　　　　ख. पकड़

ग. अवरोह　　　　घ. स्थाई

55. भारतीय संगीत में कुल कितनी पद्धतियां हैं?

क. दो　　　　ख. चार

ग. तीन　　　　घ. पाँच

56. भक्ति संगीत किस संगीत के अन्तर्गत माना जाता है?

क. लोक संगीत　　　　ख. भाव संगीत

ग. शास्त्रीय संगीत　　　　घ. सरल संगीत

57. संगीत में किसको सर्वश्रेष्ठ माना गया है?

क. वादन　　　　ख. नृत्य

ग. गायन　　　　घ. चित्रकला

58. जो संगीत निश्चित नियमों के अनुसार ही गाया, बजाया जाता है, उसे क्या कहते हैं?

क. सुगम संगीत　　　　ख. शास्त्रीय संगीत

ग. उपशास्त्रीय संगीत　　　　घ. गजल

59. ग्रामीण क्षेत्रों में गाये जाने वाले शब्द प्रधान गीतों को क्या कहते हैं?

क. लोकगीत ख. शास्त्रीय संगीत

ग. सुगम संगीत घ. चित्रपट संगीत

60. ईश्वर भक्ति के पदों का गायन क्या कहलाता है?

क. भक्ति संगीत ख. लोक संगीत

ग. भाव संगीत घ. ग़ज़ल

61. संगीत में श्रुतियों की कुल कितनी संख्या है?

क. 25 ख. 22

ग. 23 घ. 24

62. सप्तक के कितने प्रकार माने गये हैं?

क. तीन ख. दो

ग. पाँच घ. चार

63. सात शुद्ध स्वरों के समूह को क्या कहते हैं?

क. स्वर ख. सप्तक

ग. मीड घ. कण

64. एक सप्तक में शुद्ध और विकृत मिलाकर कुल कितने स्वर होते हैं?

क. 10 ख. 12

ग. 8 घ. 22

65. एक सप्तक में कुल शुद्ध स्वरों की संख्या कितनी है?

क. सात ख. दस

ग. छः घ. आठ

66. एक सप्तक में विकृत स्वरों की कुल कितनी संख्या है?

क. पांच ख. सात

ग. चार घ. नौ

67. तार सप्तक की पहचान के लिए स्वरों के -----

क. नीचे बिन्दु लगाते हैं ख. नीचे खड़ी लाइन खींचते हैं

ग. ऊपर बिन्दु लगाते हैं घ. ऊपर खड़ी लाइन खींचते हैं

68. सबसे ऊँचाई का सप्तक क्या कहलाता है?

क. तार सप्तक | ख. मध्य सप्तक

ग. मन्द्र सप्तक | घ. इनमें से कोई नहीं

69. मन्द्र सप्तक के स्वरों की पहचान के लिए हम क्या करते हैं?

क. स्वरों के नीचे बिन्दु लगाते हैं।

ख. ऊपर खड़ी लकीर लगाते हैं।

ग. स्वरों के ऊपर बिन्दु लगाते हैं।

घ. नीचे बेड़ी लकीर लगाते हैं।

70. मध्य सप्तक, मन्द्र सप्तक से होता है।

क. आधा ऊंचा | ख. एक चौथाई ऊंचा

ग. दुगना ऊंचा | घ. तीन गुना ऊंचा

71. तार सप्तक मध्य सप्तक से होता है।

क. कुछ ऊंचा | ख. पूरा ऊंचा

ग. दुगना ऊंचा | घ. तीन गुना ऊंचा

72. सबसे ऊंचाई वाले सप्तक का क्या नाम है?

क. मन्द्र सप्तक | ख. मध्य सप्तक

ग. तार सप्तक | घ. इनमें से कोई नहीं

73. निम्नतम् स्वरों के सप्तक को क्या कहते हैं?

क. मध्य सप्तक | ख. मन्द्र सप्तक

ग. तार सप्तक | घ. इनमें से कोई नहीं

74. किस सप्तक की आवाज धीमी अथवा नीची होती है?

क. मध्य सप्तक | ख. मन्द्र सप्तक

ग. तार सप्तक | घ. इनमें से कोई नहीं

75. मन्द्र सप्तक को गाने से किस अंग पर अधिक जोर पड़ता है?

क. ह्रदय | ख. कंठ

ग. तालु | घ. जिह्वा

76. जिन स्वरों को हम सहज तथा स्वाभाविक रूप से गा लेते हैं उसे क्या कहते हैं?

क. मध्य सप्तक　　ख. तार सप्तक

ग. मन्द्र सप्तक　　घ. तीव्र स्वर

77. तार सप्तक को गाने से किस अंग पर अधिक जोर पड़ता है?

क. कंठ　　ख. तालु

ग. जिह्वा　　घ. हृदय

**आलाप, विवादी, पकड़**

78. स्वरों की एक विशेष प्रकार की नियमबद्ध रचना को क्या कहते हैं?

क. अलंकार　　ख. सप्तक

ग. स्वर　　घ. ध्वनि

79. स्थूल रूप से अलंकार के कितने प्रकार माने गये हैं?

क. 4　　ख. 2

ग. 3　　घ. 5

80. गीत अथवा रागों के भावों को किसके द्वारा ग्रहण किया जाता है?

क. स्वरलिपि　　ख. आलाप द्वारा

ग. अलंकार द्वारा　　घ. पकड़ द्वारा

81. स्वरों को धीमी गति में गाने को क्या कहते हैं?

क. तान　　ख. आलाप

ग. बोलतान　　घ. वर्ण

82. किस स्वर को राग का शत्रु भी कहा जाता है?

क. वर्ज्य स्वर　　ख. कण स्वर

ग. विवादी स्वर　　घ. स्पर्श स्वर

83. राग की सुन्दरता बढ़ाने के लिए कभी-कभी किस स्वर का प्रयोग किया जाता है?

क. अनुवादी स्वर　　ख. विवादी स्वर

ग. मींड घ. वर्जित स्वर

84. जिस स्वर समूह से किसी राग का बोध अथवा ज्ञान होता है उसे क्या कहते हैं?

क. आरोह ख. अवरोह

ग. पकड़ घ. विवादी

85. किस स्वर का अधिक प्रयोग राग के स्वरूप को बिगाड़ देता है?

क. वादी ख. सम्वादी

ग. अनुवादी घ. विवादी

86. गीत के शब्द, जब राग के स्वरों में पिरोकर गाये जाते है, तो उसे क्या कहते हैं?

क. बोल आलाप ख. आकार का आलाप

ग. नोम् तोम् का आलाप घ. इनमें से कोई नहीं।

87. राग जातियाँ कितने प्रकार की मानी गई हैं अथवा मुख्य राग जातियाँ कितनी होती हैं?

क. पांच ख. चार

ग. तीन घ. छः

88. उपजातियों की संख्या बताइए।

क. आठ ख. नौ

ग. सात घ. पांच

89. 'ओडव' जाति के राग में कितने स्वर होते हैं?

क. पांच ख. चार

ग. दो घ. तीन

90. 'षाडव' जाति के राग में कितने स्वर होते हैं?

क. पांच ख. छः

ग. सात घ. आठ

91. 'सम्पूर्ण' जाति के राग में कितने स्वर होते हैं?

क. छः　　　　　　　　ख. सात

ग. आठ　　　　　　　　घ. नौ

92. ओडव-ओडव जाति के राग में कितने-कितने स्वर होते हैं?

क. छः-छः　　　　　　　　ख. पांच-पांच

ग. चार-चार　　　　　　　　घ. सात-सात

93. ओडव-षाडव जाति के राग में कितने स्वर होते हैं?

क. पांच-सात　　　　　　　　ख. पांच-छः

ग. छः-छः　　　　　　　　घ. छः-सात

94. ओडव-सम्पूर्ण जाति के राग में कितने स्वर होते हैं?

क. छः-सात　　　　　　　　ख. पांच-सात

ग. सात-चार　　　　　　　　घ. सात-पांच

95. षाडव-ओडव जाति के राग में कितने स्वर होते हैं?

क. 6-7　　　　　　　　ख. 6-5

ग. 6-8　　　　　　　　घ. 6-5

96. षाडव-षाडव जाति के राग में कितने स्वर होते हैं?

क. 6-6　　　　　　　　ख. 6-5

ग. 6-7　　　　　　　　घ. 6-3

97. षाडव-सम्पूर्ण जाति के राग में कितने स्वर होते हैं?

क. 6-7　　　　　　　　ख. 7-6

ग. 5-6　　　　　　　　घ. 5-5

98. सम्पूर्ण-ओडव जाति के राग में कितने स्वर होते हैं?

क. 7-8　　　　　　　　ख. 7-5

ग. 7-6　　　　　　　　घ. 7-7

99. सम्पूर्ण-षाडव जाति के राग में कितने स्वर प्रयोग होते हैं?

क. 7-6　　　　　　　　ख. 5-7

ग. 7-6　　　　　　　　घ. 6-6

100. सम्पूर्ण-सम्पूर्ण जाति के राग में कितने-कितने स्वर प्रयुक्त होते हैं?

क. 7-7 ख. 5-5

ग. 6-6 घ. 4-4

101. राग के आरोह अवरोह में लगने वाली स्वर संख्या के अनुसार राग वर्गीकरण को क्या कहते हैं?

क. राग-जाति ख. ओडव-षाडव

ग. आलाप घ. थाट

102. एक राग में कम से कम कितने स्वरों का होना आवश्यक है?

क. 5 ख. 7

ग. 6 घ. 4

103. एक राग में अधिक से अधिक कितने स्वरों का प्रयोग आवश्यक है?

क. 6 ख. 7

ग. 5 घ. 8

104. राग में प्रयुक्त होने वाली संख्या से हमें किसका बोध होता है?

क. जातियों ख. आरोह

ग. पकड़ घ. वादी स्वर

105. लय को निश्चित सीमा प्रदान करने का नाम है-

क. मात्रा ख. विभाग

ग. ताल घ. सम

106. निश्चित मात्राओं के समूह को क्या कहते हैं?

क. विभाग ख. सम

ग. ताल घ. लय

107. एक मात्रा के समय में दो मात्रा बोलने को क्या कहते हैं?

क. एकगुन ख. दुगुन

ग. तिगुन घ. चौगुन

108. ताल की पहली मात्रा को क्या कहते हैं?

क. ताली ख. खाली

ग. सम घ. भरी

109. लय नापने का साधन कहा जाता है।

क. ठेका ख. आवर्तन

ग. ताल घ. लय

110. ताल के कितने प्राण माने गये हैं?

क. दस ख. आठ

ग. नौ घ. सात

111. समय की समान गति को क्या कहते हैं?

क. मात्रा ख. ताल

ग. लय घ. ठेका

112. निम्नलिखित में कौन सी 16 मात्रा की ताल है?

क. चारताल ख. तीन ताल

ग. कहरवा घ. झपताल

113. तीनताल में कितने विभाग होते हैं?

क. चार ख. पांच

ग. तीन घ. सात

114. तीन ताल खाली किस मात्रा पर होती है?

क. नौ ख. पांच

ग. सात घ. आठ

115. कहरवा ताल में कितनी मात्राएं होती हैं?

क. दस ख. बारह

ग. आठ घ. चौदह

116. झपताल कितनी मात्राओं की ताल है?

क. आठ ख. दस

ग. बारह घ. सोलह

117. झपताल में कितने विभाग होते हैं?

क. चार ख. सात

ग. दो घ. पांच

118. झपताल के प्रत्येक विभाग में कितनी-कितनी मात्राएं होती हैं?

क. 2-3 ख. 3-4

ग. 2-5 घ. 2-5

119. भजन के साथ किस ताल का प्रयोग अधिक होता है?

क. कहरवा ख. झपताल

ग. पंजाबी घ. अद्धा ताल

120. कहरवा ताल में खाली किस मात्रा पर होती है?

क. चार ख. दो

ग. तीन घ. पांच

121. भजन के साथ अधिकतर बजाई जाने वाली ताल का क्या नाम है?

क. झपताल ख. कहरवा

ग. धमार घ. चारताल

122. झपताल में किस मात्रा पर खाली होती है?

क. पांच ख. छः

ग. सात घ. आठ

123. छोटेख्याल के साथ कौन सी ताल बजाई जाती है?

क. चारताल ख. सूलताल

ग. तीनताल घ. तीवरा ताल

124. एक मात्रा में कहते हैं?

क. दुगुन ख. एकगुन

ग. तिगुन घ. चौगुन

125. तीनताल के प्रत्येक विभाग में कितनी-कितनी मात्राएं होती हैं?

क. तीन ख. चार

ग. पांच                    घ. छः

126. एकल वादन के लिए प्रायः किस ताल का अधिक प्रयोग किया जाता है?

क. तीनताल                    ख. दीपचन्दी

ग. सूलताल                    घ. कहरवा

127. 'सम' दिखाने के लिए मात्राओं के नीचे कौन सा चिन्ह लगाते हैं?

क. X                    ख. -

ग. 0                    घ. 234

128. निम्नलिखित में से कौन सी ताल दस मात्रा की है?

क. तीनताल                    ख. झपताल

ग. कहरवा                    घ. एकताल

129. तीनताल का प्रयोग मुख्यतः किस गायन में किया जाता है?

क. ध्रुपद                    ख. ख्याल

ग. टप्पा                    घ. ठुमरी

130. राग यमन के स्वरों को पहचानिए।

क. ऩि रे ग रे, ऩि रे स                    ख. स ग म म ग रे स

ग. म प <u>ध</u>, म प <u>ग</u> रे स                    घ. ग रे ध़ स

131. राग भूपाली के मुख्य स्वर कौन से हैं?

क. प म॑ ग रे                    ख. स रे ध स

ग. म प ध <u>ग</u> म <u>ग</u> रे स                    घ. <u>नी</u> ध म ग

132. राग आसावरी के स्वरों को पहचानिए।

क. म प <u>ध</u>, म प <u>ग</u>                    ख. <u>नी</u> ध प म ग रे स

ग. प रे ग रे, ऩि रे स                    घ. स रे प ग रे ग स रे

133. अमीर खुसरो का जन्म किस जिले में हुआ था?

क. इटावा                    ख. एटा

ग. मैनपुरी                    घ. दिल्ली

134. अमीर खुसरो का जन्म कब हुआ था?

क. 1553 ई. ख. 1526 ई.

ग. 1540 ई. घ. 1535 ई.

135. अमीर खुसरो का प्रारम्भिक नाम क्या था?

क. अबुल हसन ख. अमीर हसन

ग. गयासुद्दीन घ. कोई नहीं

136. छोटे ख्याल का आविष्कार किसने किया?

क. मानसिंह तोमर ख. गोपाल नायक

ग. अमीर खुसरो घ. तानसेन

137. तराना गायन शैली का आविष्कारक कौन है?

क. अमीर खुसरो ख. तानसेन

ग. मो. रज़ा घ. कोई नहीं

138. खुसरो को किस वाद्य के आविष्कार के रूप में जाना जाता है?

क. तबला ख. मृदंग

ग. ढ़ोलक घ. गिटार

139. अमीर खुसरो ने संगीत की पुस्तकें किस भाषा में लिखी?

क. हिन्दी ख. उर्दू

ग. फारसी घ. संस्कृत

140. भातखण्डे जी का जन्म किस दिन हुआ?

क. होली ख. दीपावली

ग. कृष्ण जन्माष्टमी घ. रक्षाबन्धन

141. भातखण्डे जी का जन्म बम्बई के किस प्रान्त में हुआ?

क. बालेकश्वर ख. मरीन ड्राइव

ग. एलीफैंटा केव्स घ. पोवई झील

142. राग यमन किस थाट से उत्पन्न माना गया है?

क. कल्याण ख. खमाज

ग. मारवा घ. भैरवी

143. राग यमन का वादी स्वर क्या है?

क. ग ख. म

ग. ध घ. रे

144. राग यमन का सम्वादी स्वर क्या है?

क. प ख. रे

ग. नी घ. ध

145. राग यमन रात्रि के किस प्रहर में गाया जाता है?

क. प्रथम प्रहर ख. द्वितीय प्रहर

ग. तृतीय प्रहर घ. चतुर्थ प्रहर

146. राग यमन में मुख्यतः किस मध्यम का प्रयोग होता है?

क. शुद्ध मध्यम ख. तीव्र मध्यम

ग. मध्यम घ. कोई नहीं

147. राग यमन किस जाति का राग है?

क. सम्पूर्ण-सम्पूर्ण ख. षाडव-सम्पूर्ण

ग. ओडव-ओडव घ. षाडव-षाडव

148. राग यमन को और किस नाम से जाना जाता है?

क. खमाज ख. कल्याण

ग. बिहाग घ. कोई नहीं

149. राग यमन किस प्रकृति का राग है?

क. चंचल ख. गम्भीर

ग. मधुर घ. सुन्दर

150. राग भूपाली किस थाट का राग है?

क. भैरवी ख. कल्याण

ग. भैरव घ. पूर्वी

151. राग भूपाली का वादी स्वर क्या है?

क. ग ख. नी

ग. म घ. स

152. राग भूपाली का सम्वादी स्वर क्या है?

क. ध ख. म

ग. प घ. स

153. राग भूपाली में कैसे स्वरों का प्रयोग होता है?

क. शुद्ध स्वरों ख. कोमल स्वरों

ग. तीव्र स्वर घ. कोई नहीं

154. राग भूपाली का गायन समय क्या है?

क. रात्रि का प्रथम प्रहर ख. द्वितीय प्रहर

ग. दिन का तीसरा प्रहर घ. चौथा प्रहर

155. राग भूपाली की जाति क्या है?

क. ओडव-ओडव ख. ओडव-षाडव

ग. षाडव-षाडव घ. सम्पूर्ण

156. राग में कौन-कौन से स्वर वर्जित है?

क. म नी ख. प ग

ग. रे ध घ. म स

157. राग भूपाली किस प्रकृति की राग है?

क. कोमल ख. गम्भीर

ग. उदार घ. कठोर

158. ओडव-ओडव जाति के राग का नाम लिखिए।

क. भूपाली ख. यमन

ग. खमाज घ. आसावरी

159. आसावरी राग किस थाट से उत्पन्न माना गया है?

क. भैरव ख. भैरवी

ग. आसावरी घ. कल्याण

160. कल्याण थाट से कौन सा राग उत्पन्न माना गया है?

क. यमन ख. खमाज

ग. बिलावल घ. आसावरी

161. आसावरी राग का वादी स्वर क्या है?

क. ग ख. ध

ग. नी घ. प

162. आसावरी का सम्वादी स्वर बताइए।

क. ध ख. ग

ग. प घ. म

163. आसावरी राग में कौन से स्वर कोमल लगते हैं?

क. ग ध नी ख. म प ध

ग. रे ग ध घ. म प नी

164. आसावरी राग के आरोह में कौन सा स्वर वर्जित है?

क. ग ख. रे

ग. म घ. प

165. राग आसावरी किस जाति का राग है?

क. षाडव-सम्पूर्ण ख. ओडव-सम्पूर्ण

ग. ओडव-ओडव घ. सम्पूर्ण-सम्पूर्ण

166. राग आसावरी के अवरोह में कितने स्वरों का प्रयोग होता है?

क. पांच ख. सात

ग. तीन घ. छः

167. राग आसावरी का गायन समय क्या है?

क. दिन का दूसरा प्रहर ख. प्रातः काल

ग. मध्यरात्रि घ. मध्याह्न काल

168. आसावरी थाट से कौन सा राग उत्पन्न माना गया है?

क. आसावरी ख. भूपाली

ग. बिलावल घ. यमन

169. राग आसावरी किस प्रकृति का राग है?

क. गम्भीर ख. चंचल

ग. शान्त घ. श्रृंगार

170. राग के स्वरों को तालबद्ध करके गाने को क्या कहते हैं?

क. स्वरमालिक ख. लक्षणगीत

ग. ख्याल घ. ध्रुपद

171. जिन गीतों के माध्यम से राग का परिचय प्राप्त होता, उसे क्या कहते हैं?

क. सरगम गीत ख. लक्षण गीत

ग. छोटा ख्याल घ. तान

**<u>वस्तुनिष्ठ प्रश्न</u>** - निम्नलिखित कथनों मे सत्य कथन के सामने (√) तथा असत्य कथन के सामने (X) को निशान लगाइए।

1-गायन, वादन और नृत्य इन तीनों में गायन को सर्वश्रेष्ठ माना गया है ..........

2-भारतीय संगीत में चार पद्धतियाँ प्रचलित हैं........

3-अचल स्वर पूर्णतय: अपने स्वर माने जाते हैं.................

4-भारतीय संगीत में स और प अचल स्वर माने जाते हैं.........

5-कोमल स्वरों की कुल संख्या चार होती है............

6-थाट से रागों की उत्पत्ति होती है...........................

7-राग में कम से कम पाँच स्वर प्रयोग होने चाहिए...............

8-विकृत स्वरों की संख्या 5 होती है...................

9-सप्तर पांच प्रकार के माने जाते हैं...................

10-अलंकारों को पल्टे भी कहते हैं..................

11-सामवेद का पाठ संगीतमय हैं.....................

12-सामवेद का गायन तीन स्वरों में होता है................

13-बौद्ध काल में गायन के लिए सितार का प्रयोग होता था...........

14- समुद्र गुप्त एक उत्तम वीणावादक था..........

15- नाट्यशास्त्र की रचना भरत मुनि ने किया.................

16- अमीर खुसरों सिकन्दर लोदी के दरबार लका संगीतज्ञ था........

17-विष्णुदिगम्बर का जन्म 18 अगस्त 1872 में हुआ था................

18- खुसरों ने गोपाल नायक को अपनी योग्यता से हराया था....................

19- तबला का आविष्कार अमीर खुसरों ने किया.....................

20- कीर्तन तथा भगवान का गुणगान भक्ति संगीत कहलाता है.............

21- आलाप स्वरों का द्रुत विस्तार है......................

22- विवादी स्वर का अधिक प्रयोग राग के स्वरूप को बिगाड़ देता है...................

23- पकड़ के स्वर राग को पहचानने में सहायक होते हैं..................

24- राग की मुख्य तीन जातियाँ मानी जाती हैं.....................

25- राग यमन सम्पूर्ण जाति का राग है.........................

26- राग आसावरी की जाति षाडव-सम्पूर्ण है...........................

27- राग भूपाली कल्याण थाट का राग माना गया है...........................

28- राग भूपाली के आरोह अवरोह में सातों स्वरों का प्रयोग होताहै........

29- तीन ताल को त्रिताल भी कहते हैं...................

30- तीन ताल अति प्राचीन ताल है.......................

**रिक्त स्थानों की पूर्ति करिए-**

1-राग का मुख्य स्वर समुदाय का नाम ..........है।

2-मन्द्र सप्तक में गाने पर .........जोर पड़ता है।

3- स्वरों को धीमी गति में गाने.........को कहते हैं।

4-ओडव-ओडव जाति के राग में .............स्वर होते हैं।

5- तीन ताल में ................मात्राएं और ...................विभाग होते हैं।

6- कहरवा ताल में............... मात्रा पर खाली होती है।

7- राग भूपाली................जाति का राग है तथा थाट से उत्पन्न माना गया है।

8- ताल की पहली मात्रा को .............कहते हैं।

9- ओडव सम्पूर्ण जाति के राग के आरोह में.........स्वर और अवरोह में ...........स्वर प्रयोग होते हैं।

10-यमन राग में.......... स्वर प्रयोग होता है।

11-राग आसावरी का गायन समय ..............है।

12-झपताल में ...........मात्राएं होती है।

13-झपताल में.......... विभाग होते हैं।

14-तार सप्तक को गाने से .............. पर जोड़ पड़ता है।

15- कहरवा ताल में................ मात्राएं तथा..............विभाग होते हैं।

## शास्त्रीय शब्दावली

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न-

1- संगीत की कुल कितनी पद्धतियाँ हैं? उनके नाम लिखें।

2- संगीत की परिभाषा लिखिए।

3- स्वर कितने प्रकार के होते हैं? उनके भेद तथा उपभेद के नाम लिखिए।

4- सप्तक किसे कहते हैं। सप्तक के भेद लिखिए।

5- मध्य सप्तक की क्या विशेषता है?

6- अलंकार किसे कहते हैं?

7- कोई दो अलंकार लिखिए।

8- आलाप की परिभाषा लिखिए।

9- विवादी स्वर का क्या अर्थ है?

10- संगीत में पकड़ क्या है?

11- राग की कोई दो विशेषता लिखें।

12-किसी भी राग में जाति का क्या महतव है?

13- जाति किसे कहते हैं?

14- औडव-सम्पूर्ण जाति से क्या तात्पर्य है?

15- षाडव का क्या अर्थ है?

16- सम की परिभाषा दीजिए।

17- ताल किसे कहते हैं?

18- मात्रा किस कहते हैं?

19- लय कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए।

20- बड़ा ख्याल और छोटा ख्याल किस लय में गाया जाता है?

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

## संगीत का इतिहास

21-चारों वेदों में से संगीत का वेद किसे कहते हैं?

22- संगीत के इतिहास को कुल कितने भागों में बाँटा गया है? कब से कब तक नाम सहित लिखिए।

23-राग शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस ग्रन्थ में किया गया?

24- संगीत के मध्य काल को किस नाम से जाना जाता है?

25- मध्य काल के किन्हीं दो संगीत ग्रन्थों के नाम लिखिए।

26-तबला, सितार, कव्वाली आदि का आविष्कार किस काल में और किसमें किया?

27- संगीत मकरन्द गीत गोविन्द और संगीत रत्नाकर के रचयिता का नाम लिखिए।

28- तानसेन द्वारा रचित किन्हीं दो रागों के नाम लिखिए।

29-आधुनिक काल में संगीत का उद्धार किसके द्वारा किया गया है?

30- विष्णु दिगम्बर पलुस्कर एवं विष्णुनारायण भातखण्डे संगीत के किस काल (युग) के संगीतज्ञ थे?

## ताल

31-तीनताल के प्रत्येक विभाग में कितनी-किती मात्राएं होती है?

32- झपताल का प्रयोग मुख्यतः किस लय में होता है?

33- दस मात्रा वाले ताल का नाम लिखिए।

34- आपके पाठ्यक्रम के किस ताल में स्वतन्त्र वादन नहीं होता?

35- कहरवा ताल में कितनी मात्राएं होती है?

36- तीन ताल में खाली कौन सी मात्रा पर होती हैं?

## राग

37-इन स्वर समूह को पहचान कर राग का नाम लिखें- 'नि रे ग रे प रे  नि रे सा'

38-राग आसावरी की जाति क्या है?

39- पाठ्यक्रम के किस राग 'में' वादी स्वर ग तथा संवादी स्वर 'नि' है?

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

40- राग यमन को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

41- राग यमन का गायन समय क्या है?

42- राग यमन का विकृत स्वर क्या है?

43- राग आसावरी का गायन समय क्या है?

44-राग भूपाली किस थाट का राग है?

45- राग भूपाली की जाति क्या है?

46- राग भूपाली का पकड़ लिखिए।

47- राग आसावरी में कौन-कौन से स्वर कोमल होते हैं?

48- आपके पाठ्यक्रम के किस राग में सभी स्वर शुद्ध होते है?

49- आरोह किसे कहते हैं?

50- अवरोह किसे कहते हैं?

51- अमीर खुसरो का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

52- अमीर खुसरो ने किन-किन रागों की रचना की?

53- अमीर खुसरो द्वारा रचित किन्हीं दो तालों के नाम लिखें।

54-अमीर खुसरो द्वारा रचित किन-किन वाद्यों का आविष्कार किया?

55- पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे जी ने सितार किससे सीखा?

56- संगीत के शास्त्रीय पक्ष को मजबूत करने का श्रेय किसको है?

57- भातखण्डे जी द्वारा स्थापित किन्हीं दो संगीत विद्यालयों के नाम लिखें।

58-पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे जदी ने प्रथम संगीत सम्मेलन कब और कहाँ किया था?

59- भातखण्डे जी की मृत्यु कब हुई?

60- भातखण्डे जी ने राग-रागिनी पद्धति के स्थान पर किस पद्धति को प्रचारित किया?

## लघु उत्तरीय प्रश्न

## प्रथम सोपान- शास्त्रीय शब्दावली

1-संगीत किसे कहते हैं?

2-संगीत की कितनी पद्धतियाँ प्रचलित है, उनके नाम बताइए।

3-शास्त्रीय संगीत को कितने भागों में विभक्त किया गया है?

4-अलंकार को परिभाषित कीजिए।

5-अलंकार का महत्व तथा उपयोगिता बताइये।

6-स्वर किसे कहते हैं? संगीत में कुल कितने स्वर होते हैं?

7- स्वर कितने प्रकार के होते हैं? संक्षेप में लिखिए।

8-आलाप किसे कहते हैं एवं ये कितने प्रकार के होते हैं?

9- चल स्वर तथा अचल स्वर से आप क्या समझते हैं?

10- सप्तक किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार के होते हैं?

11- तीनों सप्तकों के विषय में उदाहरण सहित लिखिये।

12-तीनों सप्तकों का शरीर के किन अंगों से सम्बन्ध है? तीनों सप्तकों के स्वर भी लिखिये।

13- विवादी स्वर को परिभाषित कीजिये।

14- पकड़ की परिभाषा लिखकर अपने पाठ्यक्रम की किसी एक राग की पकड़ भी लिखिये।

15-विवादी स्वर को राग का शत्रु क्यों कहा जाता है?

16- राग किसे कहते हैं? राग करा मुख्य गुण क्या है?

17- निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

विकृत स्वर, शुद्ध स्वर, पकड़, आलाप, अलंकार, ताल, मात्रा।

18-ताल किसे कहते हैं? आवर्त का क्या अर्थ है?

19- मात्रा किसे कहते हैं?

20- ताल के तत्व एवं रचना के सिद्धान्त बताइये।

21- राग की जाति किसे कहते हैं? ये कितनी होती है?

22- औडव, षाडव, सम्पूर्ण तीनों जातियों में क्रमश: कितने स्वर प्रयुक्त होते हैं?

23-लय किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार की होती हैं?

24- ताल किसे कहते हैं? संगीत में इसकी महत्व बताइये।

25-निम्नलिखित में से किसी एक राग की विशेषता बताइए-

क. राग भूपाली ख. राग असावरी

26- राग भूपाली का पूर्ण परिचय लिखिये तथा आरोह-अवरोह, पकड़ भी लिखिये।

## द्वितीय सोपान

## संगीत का इतिहास और रागों का अध्ययन

27-संगीत के इतिहास को कितने भागों में बाँटा गया है? काल विभाजन बताइए।

28- स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात संगीत की स्थिति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

29-रामायण तथा महाभारत काल में संगीत विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

30-जैन काल और बौद्ध काल के संगीत की विशेषताएँ लिखिये।

31-किस युग को "संगीत का स्वर्ण युग" कहा जाता है और क्यों बताइए।

32- राग विलावल किस थाट का आश्रय राग है? इसका गायन समय तथा जाति बताइए।

## तृतीय सोपान

## ताल परिचय

33- निम्नलिखित में से किसी एक ताल का पूर्ण परिचय तथा दुगुन की लयकारी लिखिये।

34- कहरवा ताल, तीन ताल, झपताल का परिचय, ठेका तथा इसका प्रयोग बताइये।

35- अपने पाठ्यक्रम की 10 मात्रा वाली ताल का नाम बताते हुए तिगुन लिखिये।

36- तीनताल का प्रयोग किस गायन शैली के साथ होता है? इसकी दुगुन एवं तिगुन लिखिए।

37- तीन ताल को नवीं (9) मात्रा से प्रारम्भ कर एक आवर्त में पूर्ण करिए।

## चतुर्थ सोपान

## राग पहचान

38- निम्नलिखित स्वर समूहों का पहचान कर रागों का नाम लिखिये-

1-रे म प र ध् ध् म प ध् प ग् रे सा।।

2-सा ध सा रे ग, पग-ध प, ग रे सा।।

## पंचम सोपान

## जीवनी

39-पण्डित विष्णु नारायण भातखण्डे जी का जीवन परिचय लिखकर संगीत क्षेत्र में इनका योगदान बताइये। संक्षेप में ।

40- अमीर खुसरो के जीवन वृतांत बताते हुए इन्होने ने किन वाद्य यंत्रो का आविष्कार बताइए। संक्षेप में।

41- अमीर खुसरों द्वारा रचित रागों के नाम लिखिए।

42- भातखण्डे जी ने किस संगीत संस्थाओं की स्थापना की ?

43 – अमीर खुसरो द्वारा रचित तालों के नाम बताइए।

## षष्ठ सोपान

## स्वरलिपि लेखन व गाने की योग्यता

44-अपने पाठ्यक्रम के किसी एक राग में सरगम गीत की स्वरलिपि लिखिए।

45- राग भूपाली के सरगम गीत की स्थाई स्वरलिपि लिखिए।

46- राग आसावरी के सरगम गीत की स्वरलिपि लिखिए।

47- राग बिलावल के सरगम गीत की स्थाई स्वरलिपि लिखिए।

48- राग असावरी के लक्षणगीत की स्वरलिपि लिखिए।

49- राग बिलावल के ख्याल की स्वरलिपि लिखिये।

50- राग भूपाली के छोटे ख्याल की स्वरलिपि लिखिये।

51- राग भूपाली का आरोह,अवरोह व पकड़ लिखिए।

52- राग असावरी का आरोह,अवरोह व पकड़ लिखिए।

53- राग बिलावल का आरोह अवरोह व पकड़ लिखिए ।

54- निम्नलिखित अलंकारो को पूर्ण कीजिये-

1-सा रे ग-ग, रे ग म-म.....................

2- साग, रेम.................................................

55- राग बिलावल को "प्रात:काल का कल्याण" भी कहते हैं? स्पष्ट कीजिये।

56- सुगम संगीत प्राय: कौन सी ताल प्रयुक्त होती है? बोल तथा नाम बताइए।

57- आरोह-अवरोह से आप क्या समझते हैं?

58- एक आवाज का दूसरी आवाज से भिन्न होने का क्या कारण होता हैं?

59- नाद और आवाज में क्या अन्तर होता है?

60- धी धी ना। ती ना कौन सी ताल है पहचान कर ताल पूर्ण कीजिये।

## शास्त्रीय शब्दावली

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1- संगीत किसे कहते हैं? भारतवर्ष में प्रचलित दो संगीत पद्धतियों के बारें में विस्तार से लिखिए।

2- संगीत की परिभाषा देते हुए संगीत के रूप एवं प्रकार के बारे में विस्तार से बताइए।

3- संगीत से क्या तात्पर्य है? संगीत की कौन-कौन सी पद्धतियाँ प्रचार में हैं एवं शास्त्रीय संगीत का क्या महत्व हैं?

4- स्वर किसे कहते हैं? स्वर के भेद एवं उपभेदों का वर्णन कीजिये।

5- संगीत किसे कहते हैं? जीवन में संगीत का क्या महत्व है विस्तार से समझाइए?

6- स्वर की परिभाषा देते हुए शुद्ध स्वर तथा विकृत स्वर के बारे में विस्तार से लिखिए।

7- सप्तक क्या है? सप्तक कितने प्रकार के होते हैं? विस्तार से समझाइए।

8- सप्तक की परिभाषा लिखते हुए मन्द सप्तक एवं तार सप्तक की तुलना कीजिए।

9- अलंकार किसे कहते हैं? संगीत में अलंकार का क्या महत्व है? राग बिलावल में कोई दो अलंकार लिखिए।

10-वादी स्वर किसे कहते हैं? वादी स्वर से क्या लाभ है?

11- विवादी स्वर क्या हैं? विवादी स्वर का प्रयोग करते समय किन दो प्रमुख बातों का ध्यान रखना चाहिए।

12- राग किसे कहते हैं? राग के लक्षण विस्तार से लिखिए।

13- जाति क्या है? तीन मुख्य जातियों कितनी जातियाँ बनेंगी विस्तार से समझाइए।

14- ताल से क्या अभिप्राय है? परिभाषा लिखते हुए तीन ताल का ठेका और दुगुन लिखिए।

15- लय किसे कहते हैं? लय कितने प्रकार की होती है? लय के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।

16-राग यमन का पूर्ण परिचय दीजिए। राग का आरोह व अवरोह एवं पकड़ लिखिए।

17- राग यमन का परिचय देते हुए इसकी विशेषताओं को स्पष्ट कीजिये।

18- राग यमन का पूर्ण परिचय देते हुए तीनताल में एक तान और एक आलाप लिखिए।

19- राग असावरी का पूर्ण परिचय देते हुए राग का अवरोह आरोह एवं पकड़ लिखिए।

20- राग असावरी की विशेषताएं लिखिए तथा यह बताइए कि असावरी राग एवं असावरी थाट में क्या अन्तर है?

21-राग असावरी का छोटा सा ख्याल स्वर लिपि सहित लिखिए।

22- राग भूपाली का पूर्ण परिचय देते हुए पूर्ण परिचय देते हुए दो प्रारंभिक आलाप लिखिए।

23- राग भूपाली की विशेषताएं लिखते हुए एक लक्षण गीत लिखिए।

24-भूपाली राग का पूर्ण परिचय आरोह, अवरोह एवं पकड़ सहित तथा दो प्रारंभिक ताने लिखिए।

## संगीत का इतिहास

25- भारतीय संगीत के इतिहास को कितने भागों में विभाजित किया गया है? किस काल को संगीत का स्वर्ण युग कहेंगें और क्यों ?

26- आधुनिक काल में संगीत के प्रचार-प्रसार की क्या स्थिति है? समझाइए।

27-भारतीय संगीत के इतिहास को कितने भागों में बाँटा गया है? मध्यकाल के संगीत के इतिहास के बारे में विस्तार से लिखिए।

28- प्राचीन काल में संगीत का संगीत का प्रचार-प्रसार अच्छा था, पुष्टि कीजिये।

## ताल परिचय

**29-** झपताल का पूर्ण परिचय देते हुए ठेका और दुगुन लिखिए।

30-तीन ताल का पूर्ण परिचय लिखिए। तीन ताल का किस प्रकार की गायिकी में किया जाता है? तीन ताल का (ठाह) व दुगुन लिखिए।

## जीवनी

31- अमीर खुसरों जी का जीवन परिचय लिखिए एवं संगीत में उनके योगदान को भी बताइए।

32-विष्णुनारायण भातखण्डे के जीवन परिचय को विस्तार पूर्वक लिखिए।